सुजानगढ़ ने प्रवासी भवन का लोकर्पण

शायर मालू ने सुश्रेम फ़ाउण्डेशन को अपना मकान उपहार स्वरूप भेंट किया था

देश के जाने–माने संगीतकारों,निर्देशकों,गीतकारों और सिने–कलाकारों की जन्म भूमि राजस्थान के चूरु जिले के सुजानगढ़ कस्बे में वर्ष 2018 में आयोजित हुए सुजानगढ़ उत्सव 'सुश्रेम महोत्सव' में हीरालाल मालू और उनकी धर्म पत्नी शायर मालू ने सुश्रेम फ़ाउण्डेशन को अपना मकान उपहार स्वरूप भेंट किया था ।इस भवन को अब शायर मालू प्रवासी भवन अतिथि गृह में परिवर्तित कर दिया गया है। इस गेस्ट हाउस का लोकार्पण 27 अप्रेल बुधवार को प्रातः हुआ राजस्थान फ़ाउण्डेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव इस समारोह के मुख्य अतिथि थे । समारोह में चूरु जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग और नागौर कलक्टर पीयुष समारिया भी मौजूद रहे ।

आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन ने सुजानगढ़, चुरू में "शायर मालू प्रवासी भवन" का उद्घाटन किया और मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रितों को संबोधित किया। उन्होंने प्रवासी समुदाय और सुखशेम

फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों और प्रयासों की प्रशंसा की। सीआरएफ ने राजस्थान फाउंडेशन की मुख्य गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी।

सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल , शायर मालू, हीरालाल मालू और पृथ्वीराज बाफ़ना नवीनीकृत भवन का लोकार्पण किया । पृथ्वीराज बाफ़ना ने इस भवन का नवीनीकरण करा इसे आधुनिक रूप दिया है। भवन में सभी प्रकार की आधुनिक सुख सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। लोकार्पण समारोह में सुश्रेम के सभी ट्रस्टी और अन्य लोग ने भाग लिया । इस अवसर पर सुजानगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ सुविधाएँ मुहैया कराने सम्बन्धी विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई ।

सुश्रेम के सहयोगी हेमजीत मालू ने बताया कि उक्त भवन के नए रूप रंग में तैयार होने से यहाँ आने वाले प्रवासी राजस्थानियों और अतिथियों को आवास-भोजन आदि अनुकूल सुविधाएँ मिलेगी जिसकी पहले नितान्त कमी महसूस होती थी। मालू में बताया कि कस्बे में उच्च स्तरीय सुविधाएँ नही होने से कई प्रवासी अपने गृह नगर आने पर बेहतर स्थान पर ढहरनें और खाने पीने की सुविधाओं की कमी महसूस करते थे।। उनकी इस पीड़ा को समझ कर सुश्रेम संस्थापक के सी मालू ने यह पहल की है।